**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

***(formerly YMCA University of Science and Technology)***

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

## THE TRIBUNE

### LECTURE SERIES ON GITA JAYANTI

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, is organising a lecture series to commemorate Gita Jayanti. The lecture series is a part of International Gita Mahotsav-2020, being organised by the state government from December 17 to 25. Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar said the holy scripture taught us various important principles relating to work, life, religion, philosophy and spirituality. It helped dispel restlessness and complications in life, he added. During the five-day lecture series, eminent speakers from different walks of life would discuss the relevance of Bhagavad Gita in students' life and present their views on various topics. A quiz would also be conducted on December 26.

The Tribune Tue, 22 December 2020 https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

## THE TRIBUNE

### NATIONAL MATHEMATICS DAY

**Faridabad:** The Department of Mathematics of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, in collaboration with the Haryana State Council for Science, Innovation and Technology, will conduct expert talks and various competitions to commemorate the 133rd birth anniversary of Srinivasa Ramanujan, celebrated as National Mathematics Day every year. Ramanujan was one of the greatest mathematicians of India, and his work has had a fundamental role in the development of modern mathematics. The competitions being organised include poster making, debate and PPT presentation.

The Tribune Tue, 22 December 2020 https://epaper.tribunei

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# जीवन के सिद्धांत सिखाती है भगवत गीता: प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद, 21 दिसम्बर (पूजा शर्मा): फरीदाबाद, 21 दिसंबर - जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। यह व्याख्यान श्रृंखला राज्य सरकार द्वारा 25 दिसंबर, 2020 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2020 का हिस्सा है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि भगवद गीता का पवित्र ग्रंथ है जो हमें कार्य, जीवन, धर्म, दर्शन और आध्यात्मिकता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सिद्धांत सिखाता है तथा जीवन की जटिलताओं को दूर करने में मदद करता है। इस प्रकार, भगवद गीता हम सभी के लिए जीवन का मार्ग है क्योंकि यह दर्शाता है कि एक सही जीवन कैसे जिया जाए। उन्होंने कहा कि भगवद गीता का दर्शन विद्यार्थी जीवन में चिंता और आत्म-संदेह जैसे मुद्दों से लड़ने के लिए उपयोगी है।

पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ता छात्र जीवन में भगवद गीता की प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे और अष्टांग योग, संघर्ष में संकल्प के रूप में गीता, सकारात्मक सोच, मस्तिष्क नियंत्रण और कर्म योग विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इसी कड़ी में भगवद गीता पर छात्रों के लिए 26 दिसंबर को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। इसके अलावा, 25 दिसंबर, 2020 तक विद्यार्थी गीता श्लोकोच्चरण सत्र में भी भाग लेंगे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आज

जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग द्वारा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 22 दिसंबर, 2020 को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेषज्ञ वार्ता तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन भारत के महानतम गणितज्ञों में से एक थे, और आधुनिक गणित के विकास में उनकी मौलिक भूमिका रही है। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई से प्रोफेसर अमलेंदु कृष्णा, और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से प्रोफेसर ए.के. अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे। इस उपलक्ष्य में जिन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है उनमें पोस्टर मेकिंग, डिबेट और पीपीटी प्रेजेंटेशन शामिल हैं।


पंजाब केसरी ई-पेपर

Tue,22 December 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 4

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

**HINDUSTAN**

# आध्यात्मिकता और दर्शन के सिद्धांत सिखाती है गीता

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय, वाईएमसीए में गीता जयंती के उपलक्ष्य में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। यह व्याख्यान श्रृंखला राज्य सरकार द्वारा 25 दिसंबर, 2020 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2020 का हिस्सा है।

विश्विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि भगवद गीता का पवित्र ग्रंथ है जो कर्म, जीवन, धर्म, दर्शन और आध्यात्मिकता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सिद्धांत सिखाता है। जीवन की जटिलताओं को दूर करने में मदद करता है। इस प्रकार, भगवद गीता सभी के लिए जीवन का मार्ग है। क्योंकि यह दर्शाता है कि सही जीवन कैसे जिया जाए, कुलपति ने कहा कि भगवद गीता का दर्शन छात्र जीवन में चिंता और आत्म-संदेह जैसे मुद्दों से लड़ने के लिए उपयोगी है। पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ता छात्र जीवन में भगवद गीता की प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे और अष्टांग योग, संघर्ष में संकल्प के रूप में गीता, सकारात्मक सोच, मस्तष्कि नियंत्रण और कर्म योग विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

**HINDUSTAN**

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आज

**फरीदाबाद।** जेसी बोस वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग द्वारा हरियाणा राज्य वज्ञिान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 22 दिसंबर, 2020 को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेषज्ञ वार्ता तथा विभन्नि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन भारत के महानतम गणितज्ञों में से एक थे, और आधुनिक गणित के विकास में उनकी मौलिक भूमिका रही है।

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# गीता जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी):जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। यह व्याख्यान श्रृंखला राज्य सरकार द्वारा 25 दिसंबर, 2020 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2020 का हिस्सा है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि भगवद गीता का पवित्र ग्रंथ है जो हमें कार्य, जीवन, धर्म, दर्शन और आध्यात्मिकता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सिद्धांत सिखाता है तथा जीवन की जटिलताओं को दूर करने में मदद करता है। इस प्रकार, भगवद गीता हम सभी के लिए जीवन का मार्ग है क्योंकि यह दर्शाता है कि एक सही जीवन कैसे जिया जाए। उन्होंने कहा कि भगवद गीता का दर्शन विद्यार्थी जीवन में चिंता और आत्म-संदेह जैसे मुद्दों से लडने के लिए उपयोगी है। पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ता छात्र जीवन में भगवद गीता की प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे और अष्टांग योग, संघर्ष में संकल्प के रूप में गीता, सकारात्मक सोच, मस्तिष्क नियंत्रण और कर्म योग विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इसी कड़ी में भगवद गीता पर छात्रों के लिए 26 दिसंबर को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। इसके अलावा, 25 दिसंबर, 2020 तक विद्यार्थी गीता श्लोकोच्चरण सत्र में भी भाग लेंगे।


पंजाब केसरी Tue, 22 December 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/5

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

**THE PIONEER**

# गीता जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। यह व्याख्यान श्रृंखला राज्य सरकार द्वारा 25 दिसंबर तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2020 का हिस्सा है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि भगवद गीता का पवित्र ग्रंथ है जो हमें कार्य, जीवन, धर्म, दर्शन और आध्यात्मिकता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सिद्धांत सिखाता है तथा जीवन की जटिलताओं को दूर करने में मदद करता है। इस प्रकार, भगवद गीता हम सभी के लिए जीवन का मार्ग है क्योंकि यह दर्शाता है कि एक सही जीवन कैसे जिया जाए। उन्होंने कहा कि भगवद गीता का दर्शन विद्यार्थी जीवन में चिंता और आत्म-संदेह जैसे मुद्दों से लड़ने के लिए उपयोगी है। पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ता छात्र जीवन में भगवद गीता की प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे और अष्टांग योग, संघर्ष में संकल्प के रूप में गीता, सकारात्मक सोच, मस्तिष्क नियंत्रण और कर्म योग विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इसी कड़ी में भगवद गीता पर छात्रों के लिए 26 दिसंबर को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। इसके अलावा, 25 दिसंबर, 2020 तक विद्यार्थी गीता श्लोकोच्चरण सत्र में भी भाग लेंगे।

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

**THE PIONEER**

# गणित दिवस पर कार्यक्रम आज

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 22 दिसंबर, 2020 को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेषज्ञ वार्ता तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन भारत के महानतम गणितज्ञों में से एक थे, और आधुनिक गणित के विकास में उनकी मौलिक भूमिका रही है। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई से प्रोफेसर अमलेंदु कृष्णा, और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से प्रोफेसर ए.के. अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगे।

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# 'गीता सिखाती है जीवन का सिद्धांत'

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: जेसी बोस यूनिवर्सिटी की तरफ से गीता जयंती के मौके पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान श्रृंखला राज्य सरकार द्वारा 25 दिसंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2020 का हिस्सा है। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि गीता का पवित्र ग्रंथ है, जो हमें कार्य, जीवन, धर्म, दर्शन व आध्यात्मिकता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सिद्धांत सिखाता है। इस व्याख्यान श्रृंखला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ता छात्र जीवन में गीता की प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे। 25 दिसंबर तक छात्र गीता श्लोक उच्चारण सत्र में हिस्सा लेंगे। छात्रों के लिए 26 दिसंबर को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी होगी।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

**AMAR UJALA**

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आज

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के गणित विभाग द्वारा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजन होगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि रामानुजन की जयंती को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 22.12.2020**

## AMAR UJALA

# गीता सभी के लिए जीवन का मार्ग : प्रो. दिनेश

Amar Ujala - 22-12-2020

अमर उजाला ब्यूरो

### जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गीता जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने गीता जयंती के उपलक्ष्य में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया। यह व्याख्यान श्रृंखला राज्य सरकार द्वारा 25 दिसंबर, 2020 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2020 का हिस्सा है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि श्रीमद्भगवद् गीता वह पवित्र ग्रंथ है जो हमें कार्य, जीवन, धर्म, दर्शन और आध्यात्मिकता से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सिद्धांत सिखाता है। इसके साथ ही जीवन की जटिलताओं को दूर करने में मदद करता है। यह हम सभी के लिए जीवन का मार्ग है। क्योंकि यह दर्शाता है कि एक सही जीवन कैसे जिया जाए। उन्होंने कहा कि गीता का दर्शन विद्यार्थी जीवन में चिंता और आत्म-संदेह जैसे मुद्दों से लड़ने के लिए उपयोगी है।

उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ता छात्र जीवन में गीता की प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे और अष्टांग योग, संघर्ष में संकल्प के रूप में गीता, सकारात्मक सोच, मस्तिष्क नियंत्रण और कर्म योग विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इसी कड़ी में छात्रों के लिए 26 दिसंबर को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।